हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, गुरुवार, 19 फरवरी 2026
[ पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा ]

**तापमान**

अधिकतम 28.2 डिग्री

न्यूनतम 13.2 डिग्री

**4**

**जिले में हो रहे अवैध रेत उत्खनन की जांच करेगी राजस्व और पुलिस की संयुक्त टीम**



## खबर संक्षेप

### प्राकृतिक आपदा के पीड़ितों को आर्थिक सहायता

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास ने प्राकृतिक आपदा में जनहानि के एक प्रकरण में प्रभावित परिजन को राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है। उल्लेखनीय है कि, तहसील बगीचा अंतर्गत ग्राम ढोढर अंबा निवासी स्व कोर्नेलियुस तिर्की पिता सिरील तिर्की की 27 सितंबर 2025 को तालाब में डूबने से असामयिक मृत्यु हो गई थी। इस संबंध में प्रकरण अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बगीचा अंतर्गत दर्ज किया गया। उक्त आधार पर मृतक के निकटतम वैध वारिस उनकी पत्नी रोजालिया तिर्की, ग्राम ढोढरअम्बा, तहसील बगीचा को छत्तीसगढ़ शासन, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा निर्धारित प्रावधानों के अनुसार चार लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है। जिला प्रशासन की ओर से प्राकृतिक आपदाओं के प्रकरणों का तत्परता से निराकरण करते हुए प्रभावित परिवारों को त्वरित सहायता उपलब्ध कराने की दिशा में सतत कार्य किया जा रहा है, ताकि पीड़ित परिवारों को कठिन परिस्थितियों में संबल मिल सके।

### मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना अंतर्गत निशुल्क प्रशिक्षण

**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के अंतर्गत जिले के युवाओं को निःशुल्क प्रशिक्षण प्रदान कर उन्हें रोजगार से जोड़ने की दिशा में प्रभावी पहल की जा रही है। योजना का उद्देश्य युवाओं को उनके मनपसंद ट्रेड में प्रशिक्षण देकर उन्हें रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराना है, जिससे वे आत्मनिर्भर बनकर सम्मानपूर्वक अपना जीवन यापन कर सकें। इसी क्रम में मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना अंतर्गत जशपुर जिले में सिक्योरिटी गार्ड कोर्स का निःशुल्क प्रशिक्षण के लिए रजिस्ट्रेशन किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को निःशुल्क आवासीय सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी, जिससे दूरस्थ क्षेत्रों के युवाओं को भी प्रशिक्षण का लाभ मिल सके। प्रशिक्षण पूर्ण होने के पश्चात प्रशिक्षित युवाओं का प्लेसमेंट भी सुनिश्चित किया जाएगा। प्रशिक्षण उपरांत प्रारंभिक स्तर पर 10 हजार से 15 हजार रुपए तक का मासिक वेतन छत्तीसगढ़ में ही प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। इच्छुक अभ्यर्थी अधिक जानकारी एवं पंजीयन हेतु मोबाइल नंबर 7697584747 पर संपर्क कर सकते हैं।

### कोटपा एक्ट के तहत 16 पर चालानी कार्रवाई

**अंबिकापुर।** जिले में तंबाकू और अन्य मादक पदार्थों के उपयोग पर नियंत्रण और धूम्रपान से होने वाले दुष्प्रभावों की रोकथाम के उद्देश्य से विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत सिगरेट व अन्य तम्बाकू उत्पाद अधिनियम का विकासखण्ड लखनपुर अंतर्गत उल्लंघन करने पर पुलिस विभाग, स्वास्थ्य विभाग एवं खाद्य व औषधि विभाग के संयुक्त दल द्वारा चालानी कार्रवाई की गई। बिना वैद्यानिक चेतावनी वाले सिगरेट, तम्बाकू उत्पाद, पान-मसाला विक्रेता द्वारा बैठक व्यवस्था बनाकर सिगरेट पिलाने, सार्वजनिक स्थल में सिगरेट पीने वाले पर कार्यवाही करते कुल 16 चालानी कार्रवाई करते हुए 1600 रुपये का चालान काटा गया। साथ ही भविष्य में सार्वजनिक स्थल, शैक्षणिक संस्थानों के समीप धूम्रपान करने वाले एवं अमानक रूप से तम्बाकू उत्पाद के क्रय विक्रय करने पर संचालनों के विरूद्ध सील बंद संबंधी कार्यवाही भी किए जाने चेतावनी दी गई। सीएमएचओ ने बताया कि तम्बाकू विक्रेता को कोटपा एक्ट के बारे में जानकारी होनी चाहिए, तम्बाकू उत्पाद के पैकेट में स्पष्ट रूप से तम्बाकू सेवन यानी अकाल मृत्यु का चित्रण अनिवार्य होना चाहिए। धूम्रपान में सहायक लाइटर, ऐस ट्रे को संस्थान में नहीं रखना चाहिए। 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को तम्बाकू विक्रय संस्थान में नहीं रहना चाहिए।

### नौकरी दिलाने के नाम पर ठगे 4.35 लाख रुपए

# कलेक्टोरेट का अफसर बनकर ठगी, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जशपुरनगर

नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी का एक और बड़ा मामला सामने आया है। खुद को कलेक्ट्रेट का बड़ा अधिकारी बताकर दो युवकों से 4 लाख 35 हजार रुपये ऐंठने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मामला थाना सिटी कोतवाली जशपुर क्षेत्र का है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 318(4) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर कार्रवाई की है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान प्रदीप पंडा उम्र 28 वर्ष निवासी सोडापाठ चौक पुसौर थाना पुसौर जिला रायगढ़ के रूप में हुई है।

### कैसे रची ठगी की पटकथा

प्रार्थी रोहित खाखा उम्र 23 वर्ष निवासी ग्राम इचकेला ने 16 फरवरी को सिटी कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई। रिपोर्ट के मुताबिक आरोपी प्रदीप पंडा का परिचय प्रार्थी की मां से हुआ, उसने खुद को कलेक्ट्रेट का बड़ा अफसर बताते हुए कहा कि कलेक्ट्रेट में सुरक्षा गार्ड की नौकरी लगवाने की बात कही।



### बेटे की नौकरी के आस में मां ने गिरवी रखी जमीन

आरोपी के झांसे में आकर उसे प्रार्थी की मां ने जनवरी 2026 में पहले 50 हजार रुपए दिए। कुछ दिन बाद आरोपी दोबारा घर पहुंचा और ज्वाइनिंग लेटर का भरोसा दिलाते हुए 1 लाख 50 हजार रुपए और मांग लिए। बेटे की नौकरी की आस में मां ने गांव की जमीन गिरवी रखकर रकम दे दी।

### टाल मटोल करने पर हुआ ठगी का एहसास

जब काफी समय तक ज्वाइनिंग लेटर नहीं मिला और आरोपी टालमटोल करने लगा, तब पीड़ितों को ठगी का एहसास हुआ और उन्होंने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई।

### होटल से घेराबंदी कर पकड़ा गया आरोपी

मामले की गंभीरता को देखते हुए सिटी कोतवाली पुलिस ने तत्काल कार्रवाई की। आरोपी को जशपुर के एक होटल से घेराबंदी कर हिरासत में लिया गया। पूछताछ में उसने ठगी की बात स्वीकार की और बताया कि रकम से उसने उधारी चुकाई, टेबल-कुर्सी और कंप्यूटर खरीदा तथा अन्य खर्चों में पैसे उड़ा दिए। पुलिस ने भट्टी रोड स्थित उसके तथाकथित ऑफिस से टेबल, कुर्सी और कंप्यूटर जब्त किए। पर्याप्त साक्ष्य मिलने पर आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।

### इसके बाद दूसरे शिकार को फंसाया

रोहित खाखा के बाद आरोपी ने एक और पद खाली होने की बात कहकर ठूठीअंबा निवासी उमेश भगत की मां से भी संपर्क करवाया एवं उमेश की मां से भी 2 लाख 35 हजार रुपए ले लिए गए।

# बंधक बनाकर नाबालिग के साथ सामूहिक दुष्कर्म

**कोतबा।** छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले में एक बार फिर मानवता को शर्मसार कर देने वाली घटना सामने आई है। जिले के पत्थलगांव अंतर्गत बागबहार थाना क्षेत्र में दरिंदों ने एक नाबालिग किशोरी को अपनी हवस का शिकार बनाया। आरोपियों ने पीड़िता को दिन भर बंधक बनाकर रखा, औक उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। उसके बाद पहचान छिपाने के इरादे से गला घोंटकर किशोरी की हत्या का प्रयास किया। उसके बाद आरोपी उसे मृत समझ कर सड़क के किनारे फेंक कर फरार हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार, घटना ग्राम काडरो के आसपास की है। दरअसल महेशपुर गांव में आयोजित नाटक उत्सव का कार्यक्रम ▶▶ शेष पेज 4 पर

■ गला घोंटकर हत्या का प्रयास, मृत समझकर जंगल में फेंका

### पुलिस ने कहा- जल्द सलाखों के पीछे होंगे आरोपी

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ सामुहिक दुष्कर्म व पॉस्को एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर आरोपियों को पकड़ने संभावित ठिकानों पर छापेमारी तेज कर दी। मामले के हर पहलू की बारीकी से जांच की जा रही है। वर्तमान में पीड़िता का स्वास्थ्य स्थिर नहीं है, जिससे उसका बयान दर्ज नहीं हो सका है। जैसे ही उसकी तबीयत में सुधार होगा, पूछताछ की जाएगी। घटनास्थल सुनसान है और वहां कोई सीसीटीवी कैमरा या अन्य तकनीकी उपकरण नहीं है, जिससे जांच में थोड़ी परेशानी हो रही है, लेकिन पुलिस की टीमें सक्रिय हैं और जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

**- ध्रुवेश जायसवाल**
एसडीओपी पत्थलगांव

## श्रीराधा-कृष्ण विवाह का आयोजन आज

**पत्थलगांव।** फुलेरा दूज के उपलक्ष्य में समस्त कृष्ण प्रेमियों की ओर से 19 फरवरी गुरुवार को श्रीराधा-कृष्ण विवाह का आयोजन श्री दुर्गा मंदिर में करना निश्चित किया गया है। छत्तीसगढ़ के मशहूर भजन प्रवाहक अश्विनी श्रीवास एवं भजन प्रवाहिका तारिणी श्रीराधा-कृष्ण के विवाह को और भी उत्साह पूर्ण बनाने पत्थलगांव में पधार रहे हैं। आयोजन में शाम 7 बजे से भजन संध्या प्रारंभ होगी एवं उसके बाद भगवान श्रीराधा-कृष्ण का विवाह होगा। इसके बाद फूलों की होली खेली जाएगी। भगवान श्रीराधा-कृष्ण की महाआरती एवं कार्यक्रम के समापन के साथ भंडारे का आयोजन भगवान श्रीकृष्ण की रसोई में होगा। इस वर्ष कार्यक्रम की भव्यता-दिव्यता और भी अधिक होने की संभावना है।

### कार के बोनट पर बैठकर स्टंट करना पड़ा भारी, 37 हजार का जुर्माना

**अम्बिकापुर।** शहर में कार से स्टंट बाजी कर लोगों की जान खतरे में डालने वालों की अब खैर नहीं है। पुलिस अब ऐसे उत्पातियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई कर रही है। इसी कड़ी में कार की बोनट पर बैठकर उत्पात मचाना युवकों को महंगा पड़ गया है। इस मामले में पुलिस ने वाहन चालक व स्वामी के खिलाफ कार्रवाई की है और वाहन स्वामी का लाइसेंस निलंबित करने की प्रक्रिया चल रही है जबकि न्यायालय ने इस मामले में 37 हजार रूपए का अर्थदंड लगाया है। बता दें कि शहर में इन दिनों नाबालिग व युवाओं द्वारा महंगी महंगी कारों में स्टंट बाजी करने की घटनाएं लगातार सामने आ रही है। लोग स्टंटबाजी के चक्कर में अपने साथ साथ सड़क पर चल रहे अन्य लोगों की जान से भी खिलवाड़ करते है। इसी तरह के एक मामले में नवापारा मुख्य मार्ग में कुछ युवकों द्वारा एमजी हैक्टर वाहन में स्टंट बाजी की जा रही थी।कार में एक युवक बोनट पर बैठा था जबकि एक युवक रूफ से सिर बाहर निकाला हुआ था।

# दो बाइक में भिड़ंत, एक की हालत नाजुक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पत्थलगांव

पत्थलगांव-अम्बिकापुर रोड पर बैंक ऑफ बड़ौदा के पास दो मोटरसाइकिल की आपस में भिड़ंत हो गई। हादसा इतना भीषण था कि, भिड़ंत में एक बाइक चकनाचूर हो गई एवं चालक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया।

सिविल अस्पताल में डाक्टर ने इलाज के दौरान पाया कि, घायल के नाक की हड्डी पूरी तरह टूट चुकी थी। इस पर डाक्टर ने घायल बड़े अस्पताल में रेफर किया। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त बाइक को अपने कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। गौरतलब हो कि, पत्थलगांव की सड़कों पर सुबह से शाम तक स्टाइलिश मोटरसाइकिल तेज गति में में फर्राटे मारते नजर आते हैं। अनियंत्रित गति के कारण आए दिन हादसे हो रहे हैं एवं लोगों को अपनी जान बचाने में मुश्किल हो रही है। हाल के दिनों में पत्थलगांव पुलिस ने कोर्ट चालान कर अंकुश लगाने का काम किया था, लेकिन बाइक चालक मानने को तैयार नहीं हो रहे। ऐसे में बड़ा सवाल उठता है कि, पुलिस मामले पर कड़ी कार्रवाई करते आम लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का कार्य कब करेगी।



# पोषित डेयरी उद्यमिता विकास योजना से किसान को लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जशपुरनगर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप पशुधन विकास विभाग द्वारा जिले के गौ पालकों को विभागीय योजनाओं को लाभ दिया जा रहा है। इसी कड़ी में बगीचा विकासखंड के सुखसागर यादव को राज्य पोषित डेयरी उद्यमिता विकास योजना एवं राष्ट्रीय कृत्रिम गर्भाधान कार्यक्रम अन्तर्गत नस्ल सुधार योजना का लाभ दिया गया।

बगीचा विकासखंड के पशुधन विकास विभाग ने हितग्राही सुखसागर यादव को राज्य डेयरी उद्यमिता विकास योजना का लाभ दिया एवं राष्ट्रीय कृत्रिम गर्भाधान कार्यक्रम अन्तर्गत नस्ल सुधार किया गया। राज्य डेयरी उद्यमिता विकास योजना से 70 हजार के अनुदान का लाभ दिया गया एवं राष्ट्रीय कृत्रिम गर्भाधान कार्यक्रम अन्तर्गत नस्ल सुधार किया गया। हितग्राही सामान्य किसान है, इनका रोजगार का कार्य खेती था। योजना का लाभ लेने के पूर्व हितग्राही के पास 1 देसी गाय थी। इनकी गाय उस समय लगभग प्रतिदिन 1 लीटर दूध देती थी, जिसका उपयोग घर में ही कर लिया जाता था। पशुपालन से कोई अतिरिक्त आय नहीं होती थी। पशुधन विकास विभाग से राज्य डेयरी उद्यमिता विकास अंतर्गत हितग्राही ने शासकीय योजना का लाभ लेकर 1 उन्नत नस्ल की जर्सी गाय और एक साहीवाल क्रास गाय खरीदी।



# प्रशासन की तत्परता से रोका गया बाल-विवाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जशपुरनगर

जिले के फरसाबहार विकासखंड अंतर्गत थाना तुमला क्षेत्र के ग्राम झारमुंडा में प्रशासन की सजगता और त्वरित कार्रवाई से एक नाबालिग का बाल विवाह टल गया।

समय रहते मिली गोपनीय सूचना के आधार पर चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, आईसीपीएस टीम, महिला एवं बाल विकास विभाग, पुलिस विभाग तथा ग्राम सरपंच की संयुक्त टीम तत्काल मौके पर पहुंची और विवाह की सभी तैयारियों को रुकवा दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार बालिका की उम्र मात्र 16 वर्ष पाई गई। परिजन विवाह की पूरी तैयारी कर चुके थे, और आयोजन की व्यवस्था अंतिम चरण में थी। संयुक्त टीम ने मौके पर पहुंचकर बालिका के आधार कार्ड एवं अन्य दस्तावेजों की जांच कर आयु का सत्यापन किया। दस्तावेजों में स्पष्ट हुआ कि बालिका अभी विधिक रूप से विवाह योग्य नहीं है।



### बाल विवाह कराना दंडनीय अपराध

मौके पर अधिकारियों ने परिजनों को बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के प्रावधानों की जानकारी देते हुए बताया कि, बाल विवाह कराना एक दंडनीय अपराध है, जिसके तहत दंड और कारावास का प्रावधान है। साथ ही यह भी समझाया गया कि, कम उम्र में विवाह कराने से बालिका के स्वास्थ्य, शिक्षा और भविष्य पर गंभीर दुष्प्रभाव पड़ सकते हैं।

### समझाइश के बाद परिजनों ने मानी गलती

प्रशासनिक अधिकारियों और महिला एवं बाल विकास विभाग की टीम ने परिवार को विस्तार से समझाया। सामाजिक एवं कानूनी पहलुओं पर चर्चा के बाद परिजनों ने अपनी गलती स्वीकार करते हुए फिलहाल विवाह न कराने की लिखित सहमति दी। मौके पर पंचनामा तैयार किया गया और उपस्थित ग्रामीणों के हस्ताक्षर लिए गए।

### बाल विवाह न करने की दिलाई गई शपथ

ग्रामीणों एवं परिजनों को बाल विवाह न कराने की शपथ भी दिलाई गई, ताकि भविष्य में इस प्रकार की पुनरावृत्ति न हो। संयुक्त टीम की मौजूदगी कार्रवाई के दौरान आईसीपीएस एवं महिला बाल विकास फरसाबहार की सुपरवाइजर, सीडब्लू सीएचएल जीवन झरना के कार्यकर्ता, पुलिस विभाग की टीम, प्रशासनिक अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### टीम ने की बाल विवाह रोकने की अपील

टीम ने ग्रामीणों से अपील की कि, यदि कहीं भी बाल विवाह की सूचना मिले तो तुरंत चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 या प्रशासन को सूचित करें, जिससे समय रहते ऐसी घटनाओं को रोका जा सके।

# कांसाबेल कालेज में वार्षिकोत्सव एवं सम्मान समारोह

**कांसाबेल।** नवीन शासकीय महाविद्यालय कांसाबेल में वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार सम्मान समारोह रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष सालिक, विशिष्ट अतिथि भाजपा जिला मंत्री अलोक सारथी, शिप्रा दास जनपद सदस्य, केशव पांडेय मंडल महामंत्री, मंडल उपाध्यक्ष घनश्याम अग्रवाल, संरपच अनिल खलखो, उपसरपंच अमित जिंदल सहित सातुन गर्ग नारायण दास, अरविंद स्वर्णकार आदि उपस्थित थे।

अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ एवं बैज के साथ छात्रा अदिति टोप्पो एवं साथियों ने किया। इस दौरान महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ कुसुम माधुरी टोप्पो ने महाविद्यालय की वार्षिक गतिविधियों की जानकारी देते हुए विद्यार्थियों की सर्वांगीण विकास के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं विविध कार्यक्रमों को महत्वपूर्ण बताते सभी अतिथियों का स्वागत व अभिनंदन किया। महाविद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट पदमलोचन चौहान सहायक प्राध्यापक वाणिज्य ने प्रस्तुत की। सांस्कृतिक कार्यक्रम में उषा किरण पैंकरा, मीनाक्षी यादव, नेहा चौहान आदि छात्राओं ने किया। बस्तर अंचल और छत्तीसगढ़ी नृत्य की सुंदर प्रस्तुति देकर संदीप कुमार, भूमिका चांद, प्रीति, प्रेमलीला आदि छात्राओं ने समा बांधा। कार्यक्रम में फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता भी आयोजित की गई, जिसमें भारत वर्ष के विभिन्न राज्यों के पांरपरिक परिधानों के साथ छत्तीसगढ़ के जनजातीय समुदाय के परिधानों में यश कुमार, भारती चौहान, अदिति टोप्पो ने प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को मुख्य अतिथि ने प्रमाण पत्र और मेडल प्रदान कर पुरस्कृत किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि विद्यार्थियों को संघर्ष कर आगे बढ़ते रहने की बात कही। उन्होंने अच्छी शिक्षा प्राप्त कर, अच्छे पदों पर जाकर जीवन को सफलता की उंचाई तक ले जाने की बात कही। कार्यक्रम में बागबहार महाविद्यालय के प्राचार्य छविलाल सिदार, विपिन तिर्की एवं स्टाफ तथा लोयोला महाविद्यालय कुनकुरी से डॉ किशोर मिंज, डॉ दीनानाथ सहित स्टाफ उपस्थित रहे। मंच संचालन उमाशंकर साहू सहायक प्राध्यापक वनस्पति ने किया।



### कर्मचारियों ने कहा- संवाद चाहते हैं, टकराव नहीं

# केव्हीके कर्मचारियों ने प्रशासनिक भवन में जड़ा ताला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जशपुरनगर

पांच दिवसीय कामबंद हड़ताल के तीसरे दिन कृषि विज्ञान केंद्र कर्मचारियों का आंदोलन और गरमा गया। छत्तीसगढ़ कृषि विज्ञान केंद्र सर्व कर्मचारी कल्याण संघ के बैनर तले जारी धरना बुधवार को उस समय चर्चा में आ गया जब इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन के मुख्य द्वार पर ताला जड़ दिया गया। पुलिस बल की मौजूदगी में हुई इस कार्रवाई के बाद कर्मचारियों को गेट के बाहर बैठकर धरना देना पड़ा।

### शांतिपूर्ण आंदोलन के बीच तालाबंदी

संघ पदाधिकारियों का आरोप है कि, वे शांतिपूर्ण और संवैधानिक तरीके से अपनी मांगें रख रहे थे, लेकिन प्रशासन ने भवन में ताला बंद कर आंदोलन बाधित करने का प्रयास किया। इस अप्रत्याशित कदम से कर्मचारियों में नाराजगी और बढ़ गई। तेज धूप और प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद कर्मचारी पूरे अनुशासन के साथ गेट के बाहर धरने पर डटे रहे। कर्मचारियों का कहना है कि वे संवाद चाहते हैं, टकराव नहीं।



**18 माह से वेतन-भत्तों का संकटः** संघ ने दोहराया कि केव्हीके के अधिकारी और कर्मचारी विश्वविद्यालय की होस्ट संस्था के अधीन कार्यरत हैं और वेतन, वैधानिक भत्ते तथा सेवा-लाभ की जिम्मेदारी विश्वविद्यालय प्रशासन की है। कर्मचारियों के मुताबिक पिछले 18 माह से पूर्ण वेतन और भत्तों का भुगतान नहीं हुआ।

**शांतिपूर्ण आंदोलनः** संघ ने दोहराया कि, उनका संघर्ष पूरी तरह शांतिपूर्ण और कर्मचारी अधिकारों की रक्षा के लिए है। तीसरे दिन की ताला बंदी की घटना ने आंदोलन को नया मोड़ दे दिया है। अब सबकी नजर विश्वविद्यालय प्रशासन के अगले कदम पर टिकी है।

### आर्थिक असुरक्षा के कारण प्रभावित हो रहे परिवार

प्रदर्शनकारियों ने बताया कि, बच्चों की पढ़ाई और घर का खर्च चलाना मुश्किल हो गया है। लगातार मानसिक तनाव बढ़ रहा है। लिखित समाधान दो, नहीं तो आंदोलन तेज होगा। धरना स्थल से संघ ने स्पष्ट चेतावनी दी कि, यदि उनकी मांगों पर लिखित और समयबद्ध समाधान नहीं दिया गया तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा। इसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

# वैध दस्तावेज के बिना मोहलाईन पत्ते का परिवहन, जब्त किया पिकअप

**बिहारपुर।** गुरूघासी दास नेशनल पार्क अंतर्गत रिहंद रेंज के वनकर्मियों ने अवैध रूप से मोहलाईन पत्ते का परिवहन कर रहे एक पिकअप को जब्त किया है। चालक ग्राम उमझर में संग्रहित वनोपज मोहलाइन पत्ते को लोड कर बैकुंठपुर ले जाने की तैयारी कर रहा था। सूचना पर वनकर्मियों ने घेराबंदी कर वनोपज लोड पिकअप को जब्त कर परिक्षेत्र कार्यालय में खड़ा किया है। तस्कर लम्बे समय से ग्रामीणों के माध्यम से गुरु घासीदास नेशनल पार्क एवं सामान्य जंगलों से मोहलाइन पत्ते का संग्रहण करा पत्ते की तस्करी कर रहे थे। ग्रामीणों द्वारा बार-बार इसकी सूचना देने के बावजूद वन अधिकारी मामले में कार्रवाई नहीं कर रहे थे। पूर्व में विभाग मोहलाईन पत्ते के संग्रहण की जिम्मेदारी ठेकेदारों को सौंपता था लेकिन लम्बे समय से विभाग द्वारा इसका संग्रहण कराने ठेका बंद कर दिया है। क्षेत्र के तस्कर विभाग की लापरवाही का फायदा उठाकर वर्षों से इसकी तस्करी कर रहे हैं। मंगलवार को तस्कर ग्राम उमझर निवासी नयन सिंह के घर में संग्रहित मोहलाईन पत्ते को लेने बैकुंठपुर से दो व्यक्ति पिकअप लेकर पहुंचे तथा पत्ते को लोड कर बैकुंठपुर ले जाने की तैयारी कर रहे थे।



■ लम्बे समय से क्षेत्र से हो रही थी तस्करी


JEE में भी रिकॉर्ड SELECTION का भरोसा – ACHARYA INSTITUTE
50+ विद्यार्थियों के JEE ADVANCED क्वालिफाई करने की प्रबल संभावना, ACHARYA INSTITUTE ने फिर दिखाई अपनी ACADEMIC STRENGTH
JEE MAIN RESULTS 2026 SESSION -I
SAYAM GHOSH 98.21 %ile PHY: 96.52 CHE: 97.41 MATH: 98.08
UTKARSH AWASTHI 99.20 %ile PHY: 98.06 CHE: 99.25 MATH: 98.51
NAITIK CHANDWANI 99.21 %ile PHY: 99.53 CHE: 97.97 MATH: 98.53
ADYA GUPTA 99.75 %ile PHY: 99.40 CHE: 99.16 MATH: 99.72
PRASANN AGRAWAL 99.60 %ile PHY: 99.65 CHE: 98.23 MATH: 99.51
HARSHIT KUMAR SINGH 99.21 %ile PHY: 99.27 CHE: 98.97 MATH: 97.44
ALIYA SHEIKH ASLAM 98.31 %ile PHY: 95.21 CHE: 97.04 MATH: 99.13
DHAIRYA OJHA 97.88 %ile PHY: 98.02 CHE: 97.87
SHREEJAN SWARNKAR 97.76 %ile PHY: 99.15 CHE: 97.97
PRAKASH AGRAWAL 97.74 %ile PHY: 95.28 CHE: 90.82 MATH: 99.02
YASH CHANDANI 97.70 %ile PHY: 96.93 CHE: 97.68 MATH: 93.06
SHIVANSH DUBEY 97.36 %ile PHY: 98.66 CHE: 96.49
RAGHAV SINGH 96.78 %ile PHY: 99.12 CHE: 98.84
ABHAY BANJARA 96.22 %ile PHY: 96.09 CHE: 91.94 MATH: 95.48
AKSHAT TIWARI 96.13 %ile PHY: 98.77 CHE: 97.05
ADITI CHANDRAKAR 95.09 %ile CHE: 96.13 MATH: 96.41
AMBUJ YADAV 95.01 %ile PHY: 95.35 CHE: 95.94
ADITYA JAIN 94.90 %ile
ADITI KRISMUCS 94.82 %ile PHY: 93.17 CHE: 95.03
SUJAL PATEL 93.76 %ile PHY: 94.83 CHE: 97.54
ANURAG SINHA 93.11 %ile MATH: 97.22
PRATIKSHA SAHU 91.79 %ile PHY: 93.50 CHE: 90.13
HIMANSHU SINGH THAKUR 90.38 %ile MATH: 96.95
SUBHIKSHA AGARWAL 89.00 %ile
YOGYATA BHARGAV 87.60 %ile
OM VERMA 86.99 %ile
MOKSHA TIWARI 86.27 %ile
ANUSHKA P BARPANDE 85.54 %ile
NAITIK DEWANGAN 84.85 %ile
CHEHAL 84.30 %ile
DHWANI AGRAWAL 83.27 %ile
SIDDHANT TRIPATHI 82.77 %ile
GITIKA 82.05 %ile
SAMRIDDHI TRIPATHI 82.00 %ile
PRANITA 80.05 %ile
BEST IIT JEE RESULTS OF ACHARYA INSTITUTE
SHRISHTI GUPTA 98.23 %ile PHY: 99.85 CHE: 96.56 JEE 2024 NEET UG 2024 710/720 AIIMS BHOPAL
GUNJAN MISHRA 99.59 %ile PHY: 100 CHE: 100 JEE 2024 NEET UG 2024 705/720 AIIMS HYDERABAD
AKUL SONI 99.84 %ile AIR* 472 | CRL 2503 PHY: 99.71 CHE: 99.63 MATH: 99.72 JEE 2025 IIT GUWAHATI
SATYANSHU 98.78 %ile PHY: 99.67 CHE: 97.19 MATH: 96.69 JEE 2025 NIT NAGPUR
DIVYANSH AGRAWAL 99.83 %ile 1 RANK IN CGPET 2023 JEE 2023 IIT BOMBAY
MAHI KALWANI 99.64 %ile PHY: 100 CHE: 100 JEE 2024 MNNIT ALLAHABAD
KARISHMA SINGH JEE ADV.AIR 776 AIR* 472 | CRL 2503 PHY: 99.71 CHE: 99.63 MATH: 99.72 JEE 2024 IIT KANPUR
PRADYUMNA CHIPDE 98.25 %ile PHY: 99.67 CHE: 97.19 MATH: 96.69 JEE 2024 NIT RAIPUR
ADMISSION OPEN FOR NEW SESSION 2026-27
FOUNDATION BATCH CLASS 6th-10th
NURTURE BATCH 11th & 12th NEET / JEE
TEST SERIES FOR NEET 2026
DROPPER BATCH 11th & 12th NEET / JEE
CRASH COURSE NEET ENGLISH MEDIUM & HINDI MEDIUM
SUMMER COURSE
8-12TH ENGLISH MEDIUM | 11TH & 12TH HINDI MEDIUM
STARTING FROM MAY 1ST WEEK 2026
SANDEEP DWIVEDI SIR
DIRECTOR & HOD PHYSICS
ACHARYA INSTITUTE
A Promise beyond excellence
Best faculties from all over India in Bilaspur With Sandeep Sir
IIT-JEE/NEET/CUET/FOUNDATION
BRANCH 1 Near Rajendra Nagar Chowk, Link Road, Above AXIS Bank Bilaspur
BRANCH 2 In Front of CMD Ground, Link Road CMD Chowk Bilaspur
BRANCH 3 In Front of Vijyapuram Colony, Main Road, Sarkanda, Bilaspur
BRANCH 4 Old Bus Stand, Near City Kotwali, Mungeli (C.G.)
7470462225
6262673703
8463879119
7470461083
हिन्दी माध्यम के छात्रों के लिए पृथक बैच एवं कक्षाएं
FACILITIES
AC CLASSROOM
LIBRARY
HOSTEL
TRANSPORT
FOLLOW US
ON INSTA
ADMISSION Start
FOR ADMISSION

## खबर संक्षेप



### मैनपाट महोत्सव में हुआ कवि सम्मेलन

**अम्बिकापुर।** मैनपाट महोत्सव के अंतिम दिन कवि-सम्मेलन का आयोजन किया गया। कवि-सम्मेलन की शुरूआत पुनम दुबे वीणा की रचना चला संगी रे घूमे जाबो ना से हुई। मुख-मुख में मंत्रणा कुदरत के ठाट की, डॉ.अंचल सिन्हा सुबह-सबेरे हल्दी बिखरे जैसे मेरी छारी में, प्रकाश कश्यप ने उल्टापानी, जलजल धरती, माटी जेकर चंदन है, रंजीत सारथी ने शिव तुम्ही दया करो, आशा पाण्डेय ने गले गरल धारण किए, नीलकंठ भगवान, डॉ.सपन सिन्हा ने सदा उपकार करते है, हमारे भोले शिवशंकर, मुकुन्दलाल साहू ने शंकर आज मुकुन्द की, कर दो पूरी आस रचना सुनाई। गीतकार संतोष सरल ने ओह रे सरगुजा कर जाड़ा, राजेश पाण्डेय ने हुई आंख अब नम तुम्हारी याद में, डॉ.योगेन्द्र सिंह गहरवार ने मंच तो किस्सा पल दो पल का, अनिता मंदिलवार ने करोगे न जब तक जतन रास्ते में, माधुरी जायसवाल ने जिंदगी का सार क्या है जान लो, राजेन्द्र राज कहां पाहू दहेज दमांद तोर बर मैंहर, कृष्णकांत पाठक ने प्यार करने का बहाना ढूंढिए एवं देवेन्द्रनाथ दुबे ने हास्य कविताएं सुनाई। सम्मेलन का संचालन संतोष सरल ने किया। कार्यक्रम के अंत में कवियों को जिला प्रशासन द्वारा प्रमाण-पत्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

### तस्कर शासकीय आवास से काट ले गए चंदन का पेड़



**अम्बिकापुर।** शहर में फिर से चंदन पेड़ के तस्कर सक्रिय हो गए हैं तथा 20 वर्ष पुराने चंदन पेड़ों काटकर रातोरात पार कर रहे हैं। बीती रात तस्करों ने डीसी रोड स्थित एक वन अधिकारी के शासकीय आवास के लॉन में लगे चंदन पेड़ को काटकर पार कर दिया। वन विभाग द्वारा शहर में कई स्थानों पर चंदन के पेड़ लगाए गए हैं वहीं लोगों ने भी अपने घरों में चंदन के पेड़ लगाए हैं। तस्कर कुछ सालों से रात में चंदन के पेड़ों को काटकर पार कर रहे हैं। डीसी रोड स्थित वन विभाग के शासकीय आवास में निवासरत एक वनमंडलाधिकारी ने 20 वर्ष पूर्व अपने आवास के बाहर चंदन का पेड़, कुछ औषधीय फूल के पौधे लगाए थे तथा तार से पेड़ों का घेराव कराया था। बीती रात तस्कर तेज धारदार हथियार से चंदन पेड़ को काटकर पार कर दिए। सुबह लोगों ने चंदन पेड़ की पतली डालियों का ढेर देखकर पूछताछ की तो तस्करों द्वारा चंदन पेड़ काटने की जानकारी मिली। क्षेत्रवासियों का कहना है कि तस्कर दिन में घूमकर मोटे पेड़ों की पहचान करते हैं तथा कई दिन रैकी कर सुरक्षा व्यवस्था एवं लोगों की आवाजाही होने की जानकारी लेते हैं तथा रात्रि 1 बजे से 3 बजे के बीच पेड़ों को काटकर पार करते हैं। पेड़ों को काटने के लिए तस्कर बैटरी चलित आधुनिक हथियारों का उपयोग करते हैं जिससे लोगों को इसकी भनक तक नहीं लग पाती। इसके पूर्व भी तस्कर शहर के विभिन्न वार्डों के घरों एवं मंदिरों में लगे चंदन पेड़ों को काटकर पार कर चुके है।

### वाहन की टक्कर से बाइक सवार ग्रामीण की गई जान

**अम्बिकापुर।** कांसाबेल अंतर्गत ग्राम बटईकेला निवासी दयानंद भैसा आ. सुबतधन भैया (55 वर्ष) सुबह लगभग 9 बजे किसी काम के सिलसिले में बाइक से पत्थलगांव की ओर से ग्राम टेड़गा जा रहा था। जैसे ही बाइक सवार बतौली व कुनकुरी के बीच पहुंचा तभी अज्ञात वाहन के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना को देख राहगीर सहित आसपास के लोगों ने बतौली शांतिपारा अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने ग्रामीण की हालत नाजुक होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत ग्रामीण को मृत घोषित कर दिया। इधर मृतक के साथ किसी के नहीं होने पर पुलिस ने उसके मोबाइल से परिजन को सूचना दी। परिजन के आने के पश्चात पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### मुख्य न्यायाधीश की माता के निधन पर दी गई श्रद्धांजलि

**रामानुजगंज।** अधिवक्ता संघ रामानुजगंज द्वारा 17 फरवरी को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर रामानुजगंज में शोकसभा का आयोजन किया गया। यह शोकसभा छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधिपति न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा की माता श्रीमती कुसुम सिन्हा के 15 फरवरी को हुए दुखद निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित करने हेतु आयोजित की गई शोकसभा में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश हेमंत सर्राफ सहित समस्त न्यायाधीश, अधिवक्ता एवं न्यायालयीन कर्मचारी उपस्थित रहे। उपस्थित सभी सदस्यों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण किया। इस अवसर पर ईश्वर से प्रार्थना की गई कि वे दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें तथा शोकाकुल परिजन को इस असहनीय दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

## सालों से संस्थागत प्रसव की सुविधा बंद

# तीन साल में नहीं बन सका उपस्वास्थ्य केंद्र भवन, सुविधाविहीन हॉल में हो रहा संचालन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिहारपुर

**खास बात**
- मरीजों को करना पड़ रहा सिंगरौली एवं सूरजपुर का सफर

तीन साल का लम्बा समय गुजरने के बावजूद दूरस्थ ग्राम पंचायत महुली में स्थित उप स्वास्थ्य केंद्र भवन का निर्माण पूरा नहीं हो सका है। भवन के अभाव में वर्षों से स्वास्थ्य केंद्र का संचालन कोविड सेंटर के हॉल में किया जा रहा है जहां लम्बे समय से सिर्फ आउटडोर का संचालन किया जा रहा है।

सूरजपुर जिलान्तर्गत दूरस्थ चांदनी-बिहारपुर क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं का बुरा हाल है। कठिन भौगोलिक परिस्थितियों एवं आवागमन सुविधाओं की कमी के बीच स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए गंभीर रूप से बीमार लोगों को सीमावर्ती मध्यप्रदेश के सिंगरौली या फिर जिला मुख्यालय सूरजपुर का सफर करना पड़ रहा है। वर्ष 2018 में ग्राम महुली सहित आसपास के गांवों में मलेरिया का प्रकोप होने एवं 21 मलेरिया पीड़ितों की मौत होने पर प्रशासन ने आनन-फानन में ग्राम पंचायत महुली में उप स्वास्थ्य केन्द्र खोला था। भवन के अभाव में पटवारी आवास में स्वास्थ्य केंद्र प्रारंभ किया गया था। पटवारी आवास में काफी कम जगह उपलब्ध होने के बावजूद स्वास्थ्य केन्द्र में उपलब्ध सुविधाओं के अनुसार प्रसव एवं गंभीर रूप से घायल लोगों को उपचार की सुविधा मिल रही थी। वर्ष 2023 में शासन ने उप स्वास्थ्य केंद्र भवन निर्माण की स्वीकृति प्रदान की तथा भवन निर्माण की जिम्मेदारी सीजीएमएससी को सौंप दी।



निर्माणाधीन स्वास्थ्य केन्द्र भवन।

### कोविड सेंटर में स्वास्थ्य केंद्र

भवन निर्माण प्रारंभ होने के पूर्व से उप स्वास्थ्य केंद्र का संचालन कोविड सेंटर के हॉल में किया जा रहा है। कोविड सेंटर में न तो बिजली-पानी की सुविधा है न ही प्रसव एवं बेड की सुविधा है। ग्राम महुली से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिहारपुर की दूरी 25 किमी एवं ग्राम पंचायत मुण्डा एवं तेलाईपाट से दूरी 60 किमी होने के कारण उप स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों को मूलभूत सुविधाएं नहीं मिल रही है। संस्थागत प्रसव के लिए क्षेत्रवासियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है वहीं दुर्घटनाओं में घायल लोगों को प्राथमिक उपचार तक की सुविधा नहीं मिल रही है। मजबूरी में लोगों को संस्थागत प्रसव के लिए सीमावर्ती मध्यप्रदेश के बैढ़न एवं जिला अस्पताल सूरजपुर जाना पड़ रहा है। कम दूरी होने के कारण अधिकांश मरीज उपचार के लिए बैढ़न का सफर करने मजबूर है।

सीजीएमएससी ने टेंडर प्रक्रिया पूरी करने के साथ ही ठेकेदार से निर्माण प्रारंभ करवा दिया। ठेकेदार ने भवन निर्माण कार्य प्रारंभ तो कर दिया लेकिन निर्माण में नियमितता नहीं आ सकी। ठेकेदार सुविधा के अनुसार कभी नींव तो कभी डोर लेवल तक दीवार का निर्माण तो कभी छत ढलाई का काम कराता रहा। हालत यह है कि तीन साल का लम्बा समय गुजरने के बावजूद अभी भवन निर्माण पूरा नहीं हो सका है। अभी भी भवन में प्लास्ट, खिड़की-दरवाजा एवं वायरिंग आदि का कार्य अधूरा है। जिस धीमी गति से निर्माण हो रहा है स्वास्थ्य केन्द्र भवन तैयार होने में लम्बा समय लगने की संभावना जताई जा रही है। निर्माण अधूरा होने के पीछे शासन द्वारा समय पर राशि उपलब्ध नहीं कराने को वजह बताया जा रहा है।

### कागजों में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का प्रस्ताव

उप स्वास्थ्य केंद्र पर क्षेत्र की दो दर्जन ग्राम पंचायतों के लोग निर्भर है। अधिकांश गांवों तक आवागमन के लिए सड़क तक नहीं है वहीं कई गांव पहाड़ी एवं जंगल के बीच है। बीच-बीच में मौसमी बीमारियों का प्रकोप होने के कारण अधिकारियों ने उप स्वास्थ्य केंद्र को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का दर्जा देने का प्रस्ताव कई बार शासन को भेजा लेकिन प्रस्ताव अभी भी फाइलों से बाहर नहीं निकल पाया है। लोगों की सुविधा के लिए शासन द्वारा वर्ष 2021-22 में बाइक एंबुलेंस की सुविधा प्रारंभ की गई थी लेकिन पहाड़ी क्षेत्र होने के कारण यह सुविधा सफल नहीं हो सकी। क्षेत्रवासी लम्बे समय से क्षेत्र में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खोलने की मांग कर रहे हैं।

### चल रही पहल

पर्याप्त राशि उपलब्ध नहीं होने के कारण स्वास्थ्य केंद्र भवन के निर्माण में विलंब हुआ। भवन का निर्माण शीघ्र पूरा कराने की पहल विभाग द्वारा की जा रही है।

-डॉ.केडी पैकरा
सीएमएचओ, सूरजपुर



## रेलवे में भृत्य की नौकरी लगवाने के नाम पर ठगी, फरार आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

रेलवे में भृत्य पद पर नौकरी लगवाने के नाम एक युवक से ठगी करने मामले में लंबे समय से फरार चल रहे आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय पेश कर दिया है। जयनगर पुलिस ने बताया कि ग्राम आमगांव निवासी प्रार्थी बालरूप सिंह ने 4 मई 2025 को थाना जयनगर में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि माह सितम्बर 2023 में इसके परिचित अज्जू सिंह पिता बुढ़न सिंह निवासी ठाकुरपुर थाना गांधीनगर द्वारा रेलवे विभाग में भृत्य की नौकरी लगाने के नाम पर 2 लाख 38 हजार 6 सौ रुपए लिया था।

नौकरी नहीं लगने से 70 हजार रूपये मात्र वापस किया और बाकी शेष रकम को अब तक वापस नहीं किया है। अज्जू सिंह द्वारा नौकरी लगाने के नाम रकम लेकर धोखाधड़ी किया गया है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर धारा 420, 34 के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया था। मामले में पुलिस ने पूर्व में 6 मई 2025 को आरोपी अज्जू सिंह को गिरफ्तार किया था। जिसने पूछताछ में अपने सहयोगी सुदामा दास के साथ मिलकर एक राय होकर रेलवे विभाग में भृत्य का नौकरी लगाने के नाम पर प्रार्थी और उसके भाई से विभिन्न माध्यमों से कुल 2,38,600 रुपए लिए जाने की बात स्वीकारी। मामले में आरोपी सुदामा फरार चल रहा था। जयनगर पुलिस फरार आरोपी की पतासाजी में लगी थी। इसी बीच मुखबिर की सूचना पर आरोपी सुदामा दास पिता स्व.समल दास 48 वर्ष निवासी मरौल बरडीपाटोला थाना बगीचा जिला जशपुर को पकड़ा गया। पूछताछ पर उसने अज्जू के साथ मिलकर धोखाधड़ी की वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया है। कार्रवाई में जयनगर थाना प्रभारी रूपेश कुन्तल एक्का, एसआई सोहन सिंह, प्रधान आरक्षक रजिन्दर एक्का, आरक्षक हरिशंकर सिंह, सुरेश साहू, अम्बिका मरावी सक्रिय रहे।

## प्लेस ऑफ सेफ्टी से 13 अपचारी बालक हुए फरार, 5 पकड़े गए

**अंबिकापुर।** शहर के बाल सुधार गृह प्लेस ऑफ सेफ्टी से बीती रात विभिन्न अपराधिक मामलों में बंद अपचारी बालक भाग निकले। अचानक ही 13 अपचारी बालक प्लेस ऑफ सेफ्टी के पिछले रास्ते से दौड़ते हुए भागे। इस दौरान उन्होंने दो सुरक्षा कर्मियों को भी घायल कर दिया। फिलहाल इनमें से 5 बालकों को बरामद कर लिया गया है जबकि अन्य की तलाश जारी है। बता दें कि शहर के गांधीनगर थाना क्षेत्र में प्लेस ऑफ सेफ्टी के नाम से बाल सुधार गृह संचालित है। प्लेस ऑफ सेफ्टी में विभिन्न अपराधिक प्रकरणों में शामिल किशोर अपचारी बालकों को रखा जाता है। बताया जा रहा है की बीती रात परिसर में सुरक्षा कर्मी बालकों को उनके कमरे की और भेज थे। बालकों को अंदर करने के लिए गार्ड ने जैसे ही दरवाजा खोला 13 अपचारी बालक अचानक ही हमलावर हो गये और दौड़ते हुए भागने लगे। इस दौरान मौके पर तीन सुरक्षाकर्मी मौजूद थे। बालकों ने सुरक्षा कर्मियों से मारपीट की जिसमें दो सुरक्षा गार्ड को चोट आई है। इस घटना के बाद हडकंप मच गया। संस्था से भागने वालों में हत्या, दुष्कर्म, चोरी, मारपीट सहित अन्य गंभीर अपराधों के आरोपी अपचारी बालक शामिल है। बीती रात हुई घटना के बाद अब तक 5 बालकों को बरामद कर लिया गया है जबकि शेष की तलाश जारी है। थाना प्रभारी गांधीनगर प्रवीण कुमार द्विवेदी ने बताया की प्लेस ऑफ सेफ्टी से 13 अपचारी बालक भागे थे इनमें से 5 को बरामद किया गया है और शेष की तलाश की जा रही है।

## कोयला चोरी करने खदान में घुसे छह लोगों को सुरक्षा अमले ने पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

- किया रामानुजनगर पुलिस के सुपुर्द

एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र की आमगांव, अमेरा एवं गायत्री खदानों में संगठित रूप से हो रही कोयला चोरी थमने का नाम नहीं ले रही है। रोजाना बड़ी मात्रा में कोयला पार होने से प्रबंधन चिंता में है,चोरी की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश नहीं लग पा रहा है।

लगातार हो रही वारदातों से परेशान प्रबंधन ने अब खुद मोर्चा संभाल लिया है। दो दिन पूर्व क्षेत्रीय महाप्रबंधक डॉ संजय सिंह और सब एरिया मैनेजर आमगांव विजय कुमार त्रिपुरा बटालियन के जवानों के साथ तड़के खदान क्षेत्र में पहुंचे थे,इस दौरान कोयला ले जाते कुछ लोगों को पकड़कर उनसे लिखित माफीनामा लिया गया और प्रतिबंधित क्षेत्र में दोबारा प्रवेश न करने की चेतावनी देकर छोड़ा गया था,अचानक हुए कार्रवाई के दौरान कई लोग मौके से फरार हो गए थे। मंगलवार को एक बार फिर सुबह करीब साढ़े छह बजे महाप्रबंधक एवं क्षेत्रीय सुरक्षा अधिकारी त्रिपुरा बटालियन के जवानों के साथ औचक दबिश देने पहुंचे। टीम को देखते ही कई संदिग्ध भाग निकले, जबकि जवानों ने छह लोगों को पकड़ लिया। उनके पास से दस बाइक और छह मोबाइल जब्त किए गए। पकड़े गए आरोपियों को रामानुजनगर पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया है।





## संजयनगर में राशन वितरण की निर्धारित मात्रा में की जा रही कटौती

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

- कग्रामीणों ने जताई नाराजगी

ग्राम संजयनगर में संचालित सार्वजनिक वितरण प्रणाली दुकान में निर्धारित मात्रा में कटौती करने का मामला प्रकाश में आया है, इसमें समूह संचालक द्वारा राशन स्टॉक की कमी होने की बात कही जा रही है,दरअसल गांव की ओम शांति महिला समूह द्वारा पीडीएस दुकान संचालित की जा रही है।

उक्त राशन दुकान पर ग्रामीणों ने आरोप लगाए हैं कि दुकान का संचालन मनमर्जी से किया जा रहा है,राशन वितरण का कोई तय समय नहीं है और निर्धारित मात्रा से कम चावल दिया जा रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि प्रति 70 किलो चावल में लगभग 400 ग्राम तक की कटौती कर दी जा रही है। जब इस संबंध में लाभार्थियों ने विरोध जताया तो कथित तौर पर समूह संचालक ने राशन स्टॉक की कमी होने का कारण बताकर कम तौल के राशन वितरण करने की बात कही,ग्रामीणों के अनुसार पूरी दुकान का संचालन और वितरण कार्य एक ही महिला द्वारा किया जाता है,इससे वितरण प्रक्रिया में पारदर्शिता को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं,कई हितग्राहियों का कहना है कि तौल के समय किसी प्रकार की निगरानी या सत्यापन की व्यवस्था नहीं रहती है।कई बार दूर-दराज से आए हितग्राहियों को यह कहकर लौटा दिया जाता है कि सर्वर डाउन है। मामले को लेकर ग्रामीणों ने पंचायत स्तर पर अपनी आपत्ति दर्ज कराई है।

## एसआईआर में फार्म 7 का गलत उपयोग कर नाम कटवाने वालों पर कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- जिला कांग्रेस ने उप जिला निर्वाचन अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

जिला कांग्रेस कमेटी के प्रतिनिधि मंडल जिलाध्यक्ष बालकृष्ण पाठक के नेतृत्व में मंगलवार को उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुनील कुमार नायक से मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन के माध्यम से कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने मांग की है कि फार्म 7 का दुरुपयोग कर वैध मतदाताओं का नाम कटवाने वाले तत्वों के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई की जाए।

कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि एसआईआर की प्रक्रिया के दूसरे चरण में दावा आपत्ति के दौरान अंतिम समय में भाजपा से जुड़े लोगों के द्वारा पूरे जिले में फार्म 7 का दुरुपयोग करते हुए हजारों लोगों के नाम कटवाने की आपत्ति दर्ज की गई। अकेले अम्बिकापुर शहर में 1143 नाम को कटवाने का आवेदन यह कहते हुए दिया गया कि ये मतदाता मौजूद नहीं है। ऐसे लोगों में निगम अम्बिकापुर के नेता प्रतिपक्ष शफी अहमद के भाई रफी अहमद, पार्षद कलीम अंसारी के पुत्र और भतीजा, पार्षद हसन खान और उनकी पत्नी, पूर्व पार्षद नुजहत फातिमा जैसे नाम शामिल हैं। भाजपा कार्यकर्ताओं ने फार्म 7 में गलत जानकारी देते हुए पूरे जिले के अल्पसंख्यकों को लक्ष्य करकर संगठित रूप से नाम कटवाने का आवेदन दिया था। जिन लोगों के नामों को कटवाने का आवेदन दिया गया था उनका नाम भौतिक सत्यापन के उपरांत एसआईआर की ड्राफ्ट सूची में शामिल किया गया था। ऐसे में जानबूझकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने झूठी जानकारी का शपथ पत्र देते हुए वैध मतदाताओं का नाम कटवाने का प्रयास किया जा रहा है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी से चर्चा में कांग्रेस जिलाध्यक्ष बालकृष्ण पाठक ने यह मांग की है कि संबंधित मतदान केंद्र के बीएलए की मौजूदगी में नाम कटवाने के लिए भाजपाइयों द्वारा प्रस्तुत आवेदनों का भौतिक सत्यापन कराई जाए। अगर भौतिक सत्यापन में यह पाया जाता है कि नाम काटने के लिए प्रस्तुत आवेदन गलत जानकारी पर आधारित है तो ऐसे आवेदन को देने वाले भाजपा कार्यकर्ताओं के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 212 और जन प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 31 के अंतर्गत कानूनी कार्रवाई की मांग की है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने आश्वासन दिया है कि बिना भौतिक सत्यापन के ड्राफ्ट सूची में मौजूद किसी भी मतदाता का नाम विलोपित नहीं किया जाएगा।

गलत फार्म 7 प्रस्तुत कर नाम कटवाने वाले लोगों के विरुद्ध कनूनी कार्रवाई के लिए उन्होंने विधिक अभिमत प्राप्त कर आगे बढ़ने का आश्वासन दिया है। इस दौरान पीसीसी उपाध्यक्ष जेपी श्रीवास्तव, पीसीसी महामंत्री द्वितेंद्र मिश्रा, हेमंत सिन्हा, मो इस्लाम, विनय शर्मा, इंद्रजीत सिंह धंजल, रशिद अहमद, शैलेंद्र सोनी, जमील खान, हसन खान, मेराज रंगरेज, गुरूप्रीत सिंह, जीवन यादव, चंद्रप्रकाश सिंह, रजनीश सिंह, नीतीश चौरसिया, निक्की खान, सोहन जायसवाल, नरेंद्र विश्वकर्मा, अविनाश कुमार, विकास केशरी, दिनेश शर्मा, अख्तर चम्मा सहित बड़ी संख्या में प्रभावित मतदाता मौजूद थे।



### थानों में दर्ज कराएंगे अपराध

कांग्रेस जिलाध्यक्ष बालकृष्ण पाठक ने पार्टी के सभी बूथ लेबल एजेंट सहित पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं को इन फर्जी आवेदनों के विरोध में थानों में अपराध दर्ज कराने का निर्देश दिया है। जिलेभर में इसकी प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। हालांकि इस मामले में पुलिस असंज्ञेय अपराध का मामला पंजीबद्ध कर रही है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने कहा है कि पुलिस के द्वारा काटे गए सनहा के आधार पर फर्जी फार्म 7 प्रस्तुत करने वालों के विरुद्ध जल्द ही न्यायालय में परिवाद की प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी ताकि भविष्य में गलत तथ्यों के आधार पर वैध मतदाताओं का नाम कटवाने वालों पर लगाम लगे।

## अभाविप के कार्यकर्ताओं ने सारासोर मेला में निभाई सेवा और सुरक्षा की जिम्मेदारी



**प्रतापपुर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने सारासोर मंदिर में मेला के अवसर पर सारासोर स्थित शिवालय में उमड़ी आस्था की विशाल भीड़ के बीच श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं व्यवस्थित दर्शन व्यवस्था सुनिश्चित करने में उल्लेखनीय भूमिका निभाई।

महाशिवरात्रि के अवसर पर बड़ी संख्या में सारासोर में श्रद्धालु भगवान भोलेनाथ के दर्शन हेतु पहुंचे। भीड़ को नियंत्रित करने, कतारबद्ध दर्शन की व्यवस्था बनाए रखने, वृद्ध एवं महिला श्रद्धालुओं को सहायता प्रदान करने सुरक्षा व्यवस्था, भण्डारा व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था जगराता कार्यक्रम के बैठक की व्यवस्था तथा आवश्यकतानुसार प्राथमिक सहयोग उपलब्ध कराने में अभाविप के कार्यकर्ता पूरे दिन निरंतर सक्रिय रहे। कोरिया विभाग संयोजक प्रदीप यादव ने बताया कि अभाविप के लगभग 100 से अधिक कार्यकर्ताओं ने अलग-अलग क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था, शांतिपूर्ण दर्शन व्यवस्था, भीड़ नियंत्रण, पेयजल व्यवस्था भण्डारा व्यवस्था हेतु सुबह 8 बजे से पूरे दिन लगे रहे। इस सेवा काम में जिले के प्रतापपुर, भैयाथान, ओड़गी, सूरजपुर, बिहारपुर, विश्रामपुर, बुंदिया, जरही, धरमपुर, डांड़करवां, सलका, भैंसामुण्डा से सैकड़ों की संख्या में विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता उपस्थित रहे1

## ट्रक की टक्कर से बाइक सवार महिला की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

ग्रामीण बैंक जा रहे बाइक सवार दंपती को पीछे से आ रहे ट्रक के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में गंभीर हुई महिला की मौत हो गई जबकि पति को मामूली चोटें आई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

जानकारी के अनुसार जयनगर थाना अंतर्गत ग्राम गणेशपुर निवासी ज्योति मंडल पति विद्या मंडल (28 वर्ष) दोपहर में पति के साथ बाइक से सिलफिल स्थित ग्रामीण बैंक जा रही थी। इसी बीच पीछे से आ रहे ट्रक क्रमांक सीजी 15 एडब्ल्यू 0406 का चालक लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। ट्रक की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक के पीछे बैठी महिला सड़क पर गिर गई जिससे सिर में गंभीर चोट लगने से मौके पर ही अचेत हो गई। महिला को परिजन तत्काल मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत मृत घोषित कर दिया। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात लाश का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### परिजन ने मचाया हंगामा

मेडिकल कॉलेज अस्पताल के आपातकालीन केंद्र में महिला की मौत हो जाने के बाद परिजन ने जमकर हंगामा मचाया। परिजन का कहना था कि जब चिकित्सकों ने जांच उपरांत महिला को मृत घोषित कर दिया तो अस्पताल के स्टाफ परिजन को बिना बताए ही लाश को सीधे मरच्यूरी में ले गए जबकि परिवार के कोई सदस्य अंतिम बार उसे देख भी नहीं सके। अस्पताल में गहमा गहमी की स्थिति निर्मित हो जाने पर पुलिस मौके पर पहुंच परिजन को समझाइश दी जिसके बाद परिजन शांत हुए।

### वाहन की टक्कर से बाइक सवार की गई जान

**अम्बिकापुर।** प्रतापपुर थाना अंतर्गत ग्राम पलधा निवासी कनिलाल आ. नानसाय (38 वर्ष) महाशिवरात्रि के दिन शिवपुर मेला घूमने बाइक से अकेले गया था जिसके बाद वापस घर नहीं लौटा। रात में युवक के घर नहीं आने पर परिजन खोजबीन करने लगे तो युवक घर से कुछ दूर पुलिया के समीप गंभीर हालत में पड़ा हुआ था जबकि बाइक क्षतिग्रस्त में थी। परिजन युवक को प्रतापपुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने युवक की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। जहां उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई।

### घर तोडते समय दीवार की चपेट में आया ग्रामीण, मौत

**अम्बिकापुर।** धौरपुर थाना अंतर्गत ग्राम चितरपुर निवासी रामफल आ. सुनू नगेसिया (21 वर्ष) भतीजा कैलाश के साथ शहर के चोपड़ा पारा निवासी आकाश चोपड़ा के यहां मजदूरी करने आया था। अन्य मजदूर के साथ मिलकर वह आकाश चोपड़ा के पुराने घर तोड़ रहा था तभी दीवार की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना को देख काम कर रहे अन्य मजदूर उसे तत्काल मेडिकल कॉलेज अस्पताल में लेकर गए जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत मजदूर को मृत घोषित कर दिया।

## खबर संक्षेप



### शासकीय भूमि पर हो रहा अवैध निर्माण

**पुसौर।** नगर पंचायत पुसौर के वार्ड क्रमांक 15 में जनपद कार्यालय कॉम्प्लेक्स के बगल में स्थित शासकीय भूमि पर एक नया अवैध कब्जा हो रहा है। यहां मकान निर्माण किया जा रहा है। इस भूमि को कभी दीनदयाल आवास अंतर्गत आबंटित किया गया था लेकिन वर्तमान में यह जमीन किसी के कब्जे में चला गया है। यह मामला न्यायालय में विचाराधीन है। इसके बाद भी इस भूखंड के एक छोटे टुकड़े में कोई मिट्टी पाट कर समतल किया गया है। सामने नाली बनाने के लिए पाइप लाया गया है। राजस्व विभाग से जुड़े लोगों से इसकी पड़ताल की गई जिसमें किसी को इस संबंध में जानकारी नहीं होना बताया गया। यह स्थिति चिंताजनक है क्योंकि शासकीय भूमि पर निर्माण कार्य करने के लिए किसी भी प्रकार की स्वीकृति नहीं लेना स्थानीय शासन प्रशासन को ठेंगा दिखाने जैसा है।

### होली फेस्टिवल स्पेशल ट्रेन की सुविधा

**रायगढ़।** आगामी होली त्यौहार के दौरान यात्रियों को सुगम, सुरक्षित एवं आरामदायक यात्रा सुविधा की मंशा से रेलवे प्रबंधन द्वारा इस वर्ष 1,410 से अधिक होली स्पेशल ट्रेनों का परिचालन करने की योजना बनाई गई है, जिसमे दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से भी 15 होली स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जाएगा। इसी कड़ी में रेलवे द्वारा होली के अवसर पर मार्ग गोंदिया दरभंगा मार्ग की गाड़ियों में होने वाली भीड़ को ध्यान में रखते हुए एक होली फेस्टिवल स्पेशल ट्रेन का परिचालन गोंदिया एवं पटना के मध्य एक फेरे के लिये की जा रही है। यह गाड़ी गोंदिया से गाड़ी संख्या 08861 नंम्बर के साथ दिनांक 02 मार्च, 2026 को तथा पटना से गाड़ी संख्या 08862 नम्बर के साथ 03 मार्च को चलेगी।

## पृष्ठ 1 का शेष

### बंधक बनाकर ...

देखकर किशोरी सुबह करीब 3 बजे अकेले पैदल अपने घर लौट रही थी। इसी दौरान पहले से घात लगाए बैठे कुछ युवकों ने उसे उगवा कर गुहरघाटी के जंगलों में ले गए। सूत्रों के मुताबिक, आरोपियों ने पीड़िता को दिनभर जंगल में ही बंधक बनाकर रखा और उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। मृत समझकर बच्ची को झाड़ियों में फेंका- दरिंदगी की हदें पार करने के बाद आरोपियों ने पकड़े जाने के डर से रात करीब 11 बजे बच्ची का गला घोंट दिया। जब किशोरी अचेत हो गई, तो आरोपी उसे मरा हुआ समझकर सड़क किनारे झाड़ियों में फेंककर भाग निकले। देर रात राहगीरों की नजर जब बेसुध पड़ी लड़की पर पड़ी, तो उन्होंने तत्काल ग्रामीणों और पुलिस को इसकी सूचना दी। जिंदगी और मौत के बीच संघर्ष- मौके पर पहुंची पुलिस और ग्रामीणों की मदद से पीड़िता को कुकरगांव स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जांच में उसके गले पर गला घोंटने के गहरे निशान और शरीर पर गंभीर चोटें पाई गईं। प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत बिगड़ती देख उसे पत्थलगांव सिविल अस्पताल और फिर वहां से तत्काल अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। फिलहाल पीड़िता की हालत अत्यंत नाजुक बनी हुई है।

## निर्माण कार्यों को समय सीमा में गुणवत्ता के साथ पूरा करने के निर्देश

# जिले में हो रहे अवैध रेत उत्खनन की जांच करेगी राजस्व और पुलिस की संयुक्त टीम

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगढ़

कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे ने अधिकारियों की बैठक लेकर जिले के प्रगतिरत कार्यों का समीक्षा किया। उन्होंने प्राप्त सभी आवेदन, मांग, शिकायत के निराकरण स्थिति की जानकारी अधिकारियों से लेकरउ शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने धरती आबा, आयुष्मान कार्ड, पीएम सूर्यघर, आभा आईडी, अपार आईडी, पीएम स्वनिधि, पीएम अन्नदाता आय संरक्षण अभियान का समीक्षा किया। कलेक्टर ने सभी विभागों के सरकारी अधिकारी कर्मचारी को आई गॉट कर्मयोगी डॉट जीओवी इन में मार्च तक रजिस्ट्रेशन करने जिले में चल रहे निर्माण कार्यों को समय सीमा में गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए और चेतावनी दी कि किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी।

जिले के सभी रेत खदानों में अवैध रेत उतखन्न, परिवहन और भंडारण करने वालों के विरुद्ध खनिज, राजस्व और पुलिस के साथ टीम बनाकर कार्रवाइ करने के निर्देश कलेक्टर ने खनि आधिकारी को दिए। कलेक्टर ने रेत के लिए सभी सीईओ जनपद पंचायत को पीएम आवास हितग्राही और उसके ट्रेक्टर की सूची देने के निर्देश दिए ताकि पीएम आवास कार्य में संलग्न वाहनों की पहचान हो सके। कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे ने मुख्यमंत्री जनदर्शन, कलेक्टर जनदर्शन और जन प्रतिनिधियों के आवेदनों को संवेदनशीलता और गंभीरता से निराकरण करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार रबी मौसम में दलहन, सरसो, मूंगफली, फसलों का समर्थन मूल्य पर खरीदी हो इसके लिए तहसीलदार एवं पटवारियों को 100 प्रतिशत गिरदावरी करने के निर्देश दिए। प्रशासन गांव की ओर थीम पर रात्रिकालीन जन चौपाल का आयोजन आगामी दिनों में किया जाएगा। सरिया तहसील का यह सांकरा गांव चारों ओर से ओडिशा के गांवों से घिरा है। उल्लेखनीय है कि रियासतकालीन समय में यह गांव सारंगढ़ रियासत को दान में मिला था।



बैठक लेते कलेक्टर और उपस्थित अधिकारी-कर्मचारी।

# अमेठी में होगा छत्रपति शिवाजी महाराज की मूर्ति स्थापना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोसीर



सारंगढ़ जिला मुख्यालय के अमेठी गांव में मराठा समाज अपने ईष्ट देवी तुलझा भवानी मंदिर की भूमिपूजन एवं छत्रपति शिवाजी महाराज की मूर्ति स्थापना करने जा रहा है। 19 फरवरी को शिवाजी महाराज के जयंती के अवसर पर मूर्ति स्थापना कार्यक्रम रखी गई है इस आयोजन में सारंगढ़ बिलाईगढ़, रायगढ़, जांजगीर चांपा सक्ति और महासमुंद जिला के मराठा समाज के लोग शामिल होंगे। जिसकी तैयारी मराठा समाज के द्वारा चल रही है।

सारंगढ़ में अमेठी गांव में मराठा समाज के लोग अधिकाधिक हैं। मराठा समाज महाराष्ट्र का एक प्रमुख समाज है, जो अपनी वीरता, साहस और स्वाभिमान के लिए जाना जाता है। यह समाज मुख्य रूप से महाराष्ट्र में निवास करता है और अपनी समृद्ध संस्कृति और परंपराओं के लिए प्रसिद्ध है। छत्रपति शिवाजी महाराज मराठा समाज के एक महान नायक थे, जिन्होंने 17वीं शताब्दी में मराठा साम्राज्य की स्थापना की थी। वह एक कुशल योद्धा, राजनीतिज्ञ और प्रशासक थे, जिन्होंने अपने समय के शक्तिशाली मुगल साम्राज्य को चुनौती दी थी। शिवाजी महाराज का जन्म 19 फरवरी 1630 को महाराष्ट्र के शिवनेरी किले में हुआ था। कोसीर मराठा समाज के प्रमुख शंभू राव ने बताया कि यह कार्यक्रम 19 फरवरी को दोपहर 1 बजे रखी गई है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में सारंगढ़ विधायक श्रीमती उत्तरी जांगड़े, अरुण मालाकार, अरविंद खटकर और पूर्व सारंगढ़ विधायक सुश्री कामदा जोल्हे होंगे। कार्यक्रम को लेकर समाज में उत्साह है।

# कसैया प्राथमिक शाला में मना वार्षिकोत्सव



हरिभूमि न्यूज ⏭ घरघोड़ा

शासकीय प्राथमिक शाला कसैया, संकुल कन्या घरघोड़ा में वार्षिक उत्सव बड़े ही हर्षोल्लास एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना के साथ किया गयाए जिसके पश्चात विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा एक से बढ़कर एक आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी गईं, जिन्होंने उपस्थित जनसमुदाय का मन मोह लिया। इस अवसर पर खेलकूद प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया, जिसमें कुर्सी दौड़, बॉल फेंक, ऊँची कूद एवं लंबी कूद जैसी विभिन्न प्रतिस्पर्धाएँ सम्पन्न हुईं। शिक्षा समिति के अध्यक्ष एवं सभी सदस्यों ने कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु अपना अमूल्य समय एवं सहयोग प्रदान कियाए जिसके लिए विद्यालय परिवार द्वारा उनका आभार व्यक्त किया गया। वहीं वॉर्ड पार्षद बैतल राठिया ने भी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया।



### कानफोड़ू साइलेंसर लगी 11 बाइक जब्त, 45 हजार जुर्माना

**राजगांगपुर।** सड़क सुरक्षा और कानून व्यवस्था को मजबूत करने के उद्देश्य से राजगांगपुर पुलिस द्वारा विशेष मोटर वाहन जांच अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान अवैध रूप से मॉडिफाइड साइलेंसर तेज व कर्कस आवाज लगाए गए 11 मोटरसाइकिलों को जब्त किया गया। जांच में पाया गया कि इन बाइकों में लगाए गए साइलेंसर से अत्यधिक ध्वनि प्रदूषण हो रहा था, जिससे आम नागरिकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। साथ ही यह मोटर वाहन अधिनियम के प्रावधानों का स्पष्ट उल्लंघन भी था। पुलिस ने नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए कुल 45 हजार रुपए का जुर्माना वसूला। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि इस प्रकार के अभियान का उद्देश्य केवल दंडात्मक कार्रवाई करना नहीं, बल्कि लोगों में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाना भी है।

# उपभोक्ताओं को वितरण केन्द्रों में कैंप लगाकर को किया जा रहा जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवरीनारायण

भारत सरकार के विद्युत मंत्रालय के निर्देशानुसार उपभोक्ताओं में स्मार्ट मीटर संबंधी जागरूकता के लिए 9 से 23 फरवरी तक स्मार्ट मीटर पखवाड़े का आयोजन किया जा रहा है। अकलतरा क्षेत्र के अंतर्गत सभी वितरण केदो में अलग-अलग ग्रामों के विभिन्न क्षेत्रों में स्मार्ट मीटर का कैंप लगाकर जीनस कंपनी एवं विद्युत विभाग के संयुक्त प्रयास से जागरूकता हेतु जानकारी प्रदान की जा रही है।

शिवरीनारायण शहर में 16 फरवरी को स्मार्ट मीटर पखवाड़ा का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। स्मार्ट मीटर पखवाड़ा के तहत एक प्रभावी उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम संपन्न हुआ, जिसमें उपभोक्ताओं को स्मार्ट मीटरिंग तकनीक की बारीकियों से अवगत कराया गया। कार्यक्रम के दौरान स्मार्ट मीटर की कार्यप्रणाली, मानवीय त्रुटि रहित सटीक बिलिंग, और मोबाइल ऐप के माध्यम से रियल-टाइम खपत निगरानी जैसे आधुनिक फीचर्स पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। साथ ही विभाग द्वारा उपभोक्ताओं की जिज्ञासाओं और तकनीकी शंकाओं का मौके पर ही त्वरित समाधान कर उन्हें इस डिजिटल बदलाव का हिस्सा बनने के लिए प्रोत्साहित किया। मौके पर स्मार्ट मीटर संबंधी कुल 10 फीडबैक फॉर्म प्राप्त हुए। कनिष्ठ यंत्री नरेश कुमार नेताम ने बताया कि स्मार्ट मीटर सीधे उपभोक्ता के मोबाइल नंबर द्वारा लिंक किया जा सकता है और मोर बिजली एप डाउनलोड करके स्मार्ट मीटर की तात्कालिक रीडिंगरीडिंग प्राप्त की जा सकती है। गलत बिजली बिल की समस्या भी इसके द्वारा ठीक की जा सकती है।विद्युत विभाग के कर्मचारी राजू बरिहा ने बताया कि पुराने मीटर को हटाकर नए मीटर लगाने पर किसी प्रकार की कोई भी राशि नहीं ली जाती। कार्यक्रम में कनिष्ठ यंत्री नरेश कुमार नेताम , राजू बरिहा एवं विद्युत विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे।



### वीबी जी राम जी अधिनियम का आईईसी अभियान जारी

**रायगढ़।** भारत सरकार के महत्वाकांक्षी विकसित भारत रोजगार एवं आजीविका मिशन ग्रामीण वीबी जी राम जी अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन और जन.जागरूकता के लिए व्यापक आईईसी अभियान संचालित किया जा रहा है। जिले के सभी 07 विकासखंडों की 550 ग्राम पंचायतों में यह जन.संवाद कार्यक्रम लगातार जारी है। अभियान का उद्देश्य अधिनियम की वैधानिक विशेषताओं 125 दिन की रोजगार गारंटी, समयबद्ध भुगतान, डीबीटी प्रणाली और बेरोजगारी भत्ते जैसी महत्वपूर्ण प्रावधानों की स्पष्ट एवं संरचित जानकारी प्रत्येक ग्रामीण परिवार तक पहुंचाना है, ताकि अधिकारों के प्रति सशक्त और जागरूक समाज का निर्माण हो सके। 26 जनवरी से प्रारंभ हुए इस अभियान के प्रथम तीन चरण सफलतापूर्वक संपन्न हो चुके हैं। जिसमें प्रथम सप्ताह भ्रम बनाम तथ्य जिसमें मीडिया संवाद और तथ्य पत्रों के माध्यम से 125 दिन की वैधानिक गारंटी, विलंबित भुगतान और डिजिटल भुगतान प्रणाली पर स्पष्टता दी गई।

# निक्षय निरामय अभियान 2.0 के लिए दी गई ट्रेनिंग





**रायगढ़।** निक्षय निरामय अभियान 2.0 के सुचारू एवं प्रभावी संचालन हेतु आज जिला स्तर पर खंड चिकित्सा अधिकारियों, चिकित्सा अधिकारियों तथा पर्यवेक्षकों के लिए रायगढ़ में प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई। इसका उद्देश्य जिले में क्षय रोग उन्मूलन के प्रयासों को गति देना तथा अभियान की कार्यप्रणाली को और अधिक सुदृढ़ बनाना है। प्रशिक्षण में अभियान की रूपरेखा, सूक्ष्म कार्ययोजना, मरीजों की पहचान, जांच एवं उपचार की विस्तृत जानकारी दी गई। विशेष रूप से उच्च जोखिम समूह के संदेहास्पद मरीजों की पहचान कर समय पर जांच एवं उपचार सुनिश्चित करने पर बल दिया गया।

# सरिया तहसीलदार किए गए सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरमकेला

जिले में प्रशासनिक कार्यों के सफल एवं प्रभावी संचालन के लिए सरिया तहसीलदार कोमल प्रसाद साहू को एसआईआर विशेष गहन पुनरीक्षण एवं धान खरीदी कार्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए कलेक्टर द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

कलेक्टर डॉ. संजय कन्नौजे आईएएस ने श्री साहू को सम्मानित करते हुए कहा कि प्रशासनिक कार्यों में समयबद्धता पारदर्शिता और जिम्मेदारी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि एसआईआर के दौरान मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य को गंभीरता और सतर्कता के साथ संपन्न कराया गयाए जिससे निर्वाचन प्रक्रिया की शुद्धता और विश्वसनीयता सुनिश्चित हुई। इसी प्रकार समर्थन मूल्य पर धान खरीदी कार्य में भी सरिया तहसील के अंतर्गत आने वाले उपार्जन केंद्रों में सुचारू व्यवस्था, किसानों की समस्याओं का त्वरित समाधान तथा किसानो की सुविधा सुनिश्चित करने में तहसीलदार की महत्वपूर्ण भूमिका रही। धान खरीदी केंद्रों पर व्यवस्थाओं की नियमित मॉनिटरिंग, रिकॉर्ड संधारण और समन्वय के कारण कार्य बिना किसी बड़ी बाधा के सफलतापूर्वक पूर्ण हुआ।




# कार्यशाला में बीजेपी की टीम ने की शिरकत



**रायगढ़।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान की प्रांतीय कार्यशाला में जिला भाजपा ने सक्रिय सहभागिता निभाईं। जिला अध्यक्ष अरुणधर दीवान के नेतृत्व में जिला टीम रायपुर पहुंची और संगठनात्मक मजबूती व आगामी कार्यक्रमों को लेकर विस्तृत मार्गदर्शन प्राप्त किया। कार्यशाला में मुख्य रूप से जिला भाजपा के महामंत्री विकास केड़िया, कमल गर्ग, गोकुल यादव, सुषमा खलखो एवं अंशु टुटेजा शामिल हुए। प्रशिक्षण सत्र में संगठन विस्तार, बूथ सशक्तिकरण, सोशल मीडिया की भूमिका तथा आगामी चुनावी रणनीतियों पर विस्तार से चर्चा की गई। जिला अध्यक्ष अरुणधर दीवान ने कहा कि इस प्रशिक्षण महाअभियान से कार्यकर्ताओं को नई ऊर्जा और दिशा मिलेगी, जिससे संगठन को और अधिक मजबूती प्रदान की जा सकेगी। जिले की टीम ने प्रांतीय नेतृत्व से मार्गदर्शन लेकर इसे जमीनी स्तर तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

# 502 किलो गांजा के साथ 6 तस्कर गिरफ्तार

**राउरकेला।** शहर के प्लांटसाइट थाना क्षेत्र में मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए पुलिस ने 502 किलोग्राम 400 ग्राम गांजा जब्त कर छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस संबंध में प्लांटसाइट थाना कांड संख्या 139, 17 फरवरी के तहत एनडीपीएस एक्ट की धारा 20(बी) पप सी 25 के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 16/17 फरवरी की मध्यरात्रि में सब इंस्पेक्टर सिद्धार्थ प्रधान अपनी टीम के साथ गश्त पर थे। विश्वसनीय सूचना के आधार पर उन्होंने बंडा मुंडा मार्ग के शिवशंकर नगर स्थित फटापाइप के पास छापेमारी की। इस दौरान पांच अलग अलग वाहनों में अवैध रूप से गांजा ले जाया जाने का मामला सामने आया और पुलिस टीम ने तत्काल कार्यवाई की। पुलिस ने मौके से गुनानिधि घुसी 36, सुखनाथ उरांव 37, राहुल कुमार साहू 25, निखिल राय 23, कौशिक कुमार पाढ़ी उर्फ राजा 31 और नीरज सोनकर 24 को गिरफ्तार किया।



# पीएम सड़क में संयंत्रों के भारी वाहनों का रेला, ग्रामीणों ने दी आंदोलन की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

पीएम सड़क में प्लांटों के भारी वाहनों का रेला ऐसे चला कि अब ढूंढने से भी सड़क नहीं मिलेगा। सड़क पहले जैसे ही अब पगडंडी बन चुकी है। हालात यह है कि ग्रामीणों को इस सड़क में चलते भी नहीं बन रहा है। सराईपाली गांव के दर्जनों ग्रामीणों ने घरघोड़ा एसडीएम को ज्ञापन सौंपा है और 15 दिन का अल्टीमेटम दिया है। इस दौरान सड़क निर्माण नहीं हुआ तो ग्रामीणों ने आर्थिक नाकेबंदी की चेतावनी दी है।

औद्योगिक क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम सराईपाली की जर्जर सड़क को लेकर ग्रामीणों ने घरघोड़ा एसडीएम को ज्ञापन सौंप कर सड़क निर्माण की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि गेरवानी-सराईपाली मार्ग की स्थिति अत्यंत जर्जर है।जिससे रोजाना आवागमन करने वाले लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि औद्योगिक क्षेत्र होने के कारण यहां प्रतिदिन भारी वाहनों का आवागमन होता है। भारी वाहनों के कारण सड़क पूरी तरह उखड़ चुकी है और जगह-जगह गड्ढे हो गए हैं। इससे बुजुर्गों, महिलाओं, विद्यार्थियों और आम राहगीरों को आवाजाही में कठिनाई हो रही है। ग्रामीणों का कहना है कि यह सड़क प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत बनी थी, लेकिन रखरखाव के अभाव में पूरी तरह जर्जर हो गई है। ग्रामीणों ने बताया कि पूर्व में भी कई बार इस समस्या को लेकर आंदोलन और नाकेबंदी की जा चुकी है, लेकिन आश्वासन के अलावा कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। अब ग्राम पंचायत सराईपाली के प्रतिनिधियों और क्षेत्रवासियों ने 15 दिनों के भीतर सड़क निर्माण करने की मांग की है। ग्रामीणों ने निर्धारित अवधि में काम शुरू नहीं हुआ तो आंदोलन एवं अनिश्चितकालीन नाकेबंदी की चेतावनी दी है।



**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बगीचा, जिला-जशपुर (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

क्रमांक /Q/ रीडर-1/2026
बगीचा, दिनांक 09 .02 .2026

एतद् द्वारा समस्त आम जनता ग्राम पंचायत सिहारबुड तहसील बगीचा, जिला-जशपुर (छ.ग.) को सूचित किया जाता है कि आवेदक अमित कुजूर पिता अरूण कुमार क्षितिपाल कुजूर जाति उराव निवासी ग्राम कांसाबेल तहसील कांसाबेल जिला-जशपुर (छ.ग.) द्वारा भूमि ग्राम सिहारबुड प.ह.नं. 12 में स्थित खसरा 364/23 रकबा 0 .037 हे. भूमि भूमिस्वामी हक में दर्ज है। आवेदक को उक्त भूमि रजिस्ट्री से प्राप्त भूमि है। आवेदक उक्त भूमि को कृषि प्रयोजन से व्यवसायिक प्रयोजन हेतु परिवर्तन कराना चाहता है। आवेदक द्वारा उक्त भूमि को कृषि प्रयोजन से व्यवसायिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तित करने हेतु छ.ग.भू-राजस्व सहिता 1959 की धारा 172 के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। आवेदन पत्र के साथ आवेदित भूमि का बी-1, खसरा, नक्शा संलग्न है। उक्त मामले की सुनवाई दिनांक 20 .02 .2026 को न्यायालयीन समय प्रात: 10 .30 बजे से सायं 5 .30 तक स्थान अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बगीचा के न्यायालय में होना नियत किया गया है। अत: इसमे जिस किसी भी व्यक्ति को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह स्वयं अथवा अपने अभिकर्ता के माध्यम से मेरे समक्ष न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा/ आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है, नियत तिथि एवं समय के पश्चात प्राप्त किसी भी दावा / आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक.......01.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**सक्षम प्राधिकारी-बगीचा**
**जिला जशपुर (छ.ग.)**

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बगीचा, जिला-जशपुर (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

क्रमांक /Q/ रीडर-1/2026
बगीचा, दिनांक 04 .02 .2026

एतद् द्वारा समस्त आम जनता ग्राम पंचायत कांसाबेल तहसील कांसाबेल जिला जशपुर (छ.ग) को सूचित किया जाता है कि आवेदक अवित कुजूर पिता अरूण कुमार क्षितिपाल जाति उराव निवासी ग्राम कांसाबेल तहसील कांसाबेल जिला-जशपुर (छ.ग.) द्वारा ग्राम कांसाबेल प.ह.नं 04 में स्थित खसरा क्रमाक 438/6 रकबा 0028 हे भूमि भूमिस्वामी हक में दर्ज है। आवेदक को उक्त भूमि रजिस्ट्री बैनामा के माध्यम से प्राप्त हुई है। आवेदक उक्त भूमि को कृषि प्रयोजन से आवासीय प्रयोजन में व्यपवर्तन कराना चाहता है। आवेदक द्वारा उक्त भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तित करने हेतु छग भू-राजस्व सहिता 1959 की धारा 172 के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। आवेदक द्वारा आवेदन पत्र के साथ उक्त भूमि का बी-1, रजिस्ट्री बैनामा की छायाप्रति संलग्न है।

उक्त मामले की सुनवाई दिनांक 20 .02 .2026 को न्यायालयीन समय प्रात: 10 .30 बजे से सायं 5 .30 तक स्थान अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बगीचा के न्यायालय में होना नियत किया गया है। अत: इसमें जिस किसी भी व्यक्ति को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह स्वयं अथवा अपने अभिकर्ता के माध्यम से मेरे समक्ष न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथि एवं समय के पश्चात प्राप्त किसी भी दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक.......02.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**सक्षम प्राधिकारी-बगीचा**
**जिला जशपुर (छ.ग.)**

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 16,500/
12 ज्योतिर्लिंग
स्पेशल ट्रेन से 29 जुलाई से 08 अगस्त 2026 तक
रिजर्वेशन कोच
18 मार्च, 08 अप्रैल, 13 मई 2026 (11 दिन)
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री द्वारिकाभेंट, श्री शिरडी सांई बाबा, महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, ओंकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, घ्रनेश्वर ज्योतिर्लिंग, त्रयंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, श्री शनि सिंघनापुर
राशि:-स्लीपर-16,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड • अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त